वर्ष- 3 , अंक- 142

छपरा

24 अप्रैल शुक्रवार

2026

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live


### मोदी बोले- झालमुड़ी मैंने खाई, मिर्च विपक्षियों को लग रही:

# कहा:4 मई को परिणाम नहीं, परिवर्तन होगा; टीएमसी की हार ही भय की हार है

**कोलकाता,एजेंसी।**पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बंगाल के मथुरापुर और कृष्णानगर में चुनावी रैली की । उन्होंने कहा- जनता ने तय कर दिया है कि 4 मई को परिणाम नहीं, परिवर्तन आएगा। TMC हारेगी और भाजपा का भरोसा जीतेगा।

मोदी ने कहा कि बंगाल की धरती मां दुर्गा को पूजती है, लेकिन TMC ने महिला आरक्षण के खिलाफ वोटिंग की। TMC की सरकार में गुंडों और बलात्कारियों को खुला संरक्षण मिला हुआ है। बंगाल की बेटियां ये अत्याचार कभी नहीं भूल सकतीं।

चुनाव प्रचार के दौरान झालमुड़ी खाने पर उन्होंने कहा- झालमुड़ी मैंने खाई है पर मिर्च विपक्ष को लग रही है। अब का मतदान सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ रहा है। मैं यहां परिवर्तन की आंधी देख रहा हूं।पीएम मोदी रविवार को पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम में चुनाव प्रचार के दौरान एक दुकान पर रुके और झालमुड़ी खाई थी।



### पीएम ने कहा- TMC को अपने हितों की चिंता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बंगाल की निर्मम सरकार को सिर्फ अपने हितों की चिंता है, उसे आपके सुख-दुख से कोई लेना-देना नहीं है। इसका एक उदाहरण है, मथुरापुर का भंग मेला... भंग मेले को राज्य सरकार से वह समर्थन नहीं मिला जो मिलना चाहिए था।

### बोले- सभी दल महिला विरोधी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि TMC और इन सारे दलों का महिला विरोधी चेहरा एक बार फिर खुलकर सामने आ गया है। कुछ दिन पहले संसद में जो कुछ हुआ आपने देखा है। भाजपा सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव से महिलाओं को 33% आरक्षण का प्रस्ताव लेकर संसद में आई थी लेकिन TMC ने इसके खिलाफ वोटिंग की।उन्होंने बंगाल की माताओं का अधिकार छीना। TMC ने यहां महिलाओं के सम्मान को जो ठेस पहुंचाई है उसका हिसाब आपका वोट करेगा।

## सबरीमाला केस, जस्टिस नागरत्ना बोलीं-वॉट्सएप यूनिवर्सिटी से जानकारी नहीं चाहिए



### ● थरूर के आर्टिकल के जिक्र पर सीजेआई ने कहा- लेख पर्सनल ओपिनियन

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि वॉट्सएप यूनिवर्सिटी से मिली जानकारी को स्वीकार नहीं किया जा सकता।

जस्टिस नागरत्ना ने यह टिप्पणी दाउदी बोहरा समुदाय की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट नीरज किशन कौल की दलील के जवाब में की थी। कौल ने कहा था कि ज्ञान और समझ, चाहे वह किसी भी सोर्स से मिली हो, उसे स्वीकार करने में कोई बुराई नहीं है। कौल एक अखबार में कांग्रेस सांसद डॉ. शशि थरूर के लिखे लेख का हवाला दे रहे थे।

**अनुच्छेद 26 में धर्म से जुड़े मामलों का मैनेजमेंट संभालने का अधिकार शामिल :एडवोकेट कुमार :** अब, यदि कोई अनुच्छेद 26 को बारीकी से देखे, तो उसमें साफ-साफ इंफ्रास्ट्रक्चर का एक अंतर दिखाई देता है। खंड (a) और (b) धार्मिक पहलुओं से जुड़े हैं। इनमें धार्मिक और धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए संस्थाएं बनाना, उनका रखरखाव और धर्म से जुड़े मामलों में अपने कार्यों का मैनेजमेंट संभालने का अधिकार शामिल है। खंड (c) और (d) संपत्ति से जुड़ें हैं। इनमें संपत्ति का स्वामित्व रखने और उसे अर्जित करने, कानून के अनुसार ऐसी संपत्ति का प्रशासन करने का अधिकार शामिल है। ये आपस में जुड़े हुए हैं और सेक्युलर क्षेत्र से संबंधित हैं। यह फर्क जानबूझकर किया गया है। संविधान निर्माताओं का इरादा यह था कि जहां खंड (a) और (b) के तहत धार्मिक मामले केवल सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य के अधीन सुरक्षित हैं, वहीं खंड (c) और (d) के तहत धर्मनिरपेक्ष पहलुओं का संचालन कानून के अनुसार किया जाएगा।

### जयपुर में एक साल तक किराए पर रहा आतंकी:

## सिर्फ नमाज के लिए बाहर निकलता था, हरियाणा के युवक ने दिलाया था कमरा



**जयपुर,एजेंसी।**लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा आतंकी उमर हारिस (अमजद) उर्फ खरगोश जयपुर के दिल्ली रोड स्थित जयसिंहपुरा खोर इलाके में करीब एक साल तक रहा। उसने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट भी बनवा लिया था।

इसी पासपोर्ट से आतंकी इंडोनेशिया और फिर सऊदी अरब भागने में भी सफल रहा।

राजस्थान एटीएस और जम्मू-कश्मीर पुलिस की जांच में सामने आया कि उमर हारिस सड़वा मोड़ के पास राशिद विहार कॉलोनी में 'सज्जाद' नाम से रह रहा था। उसे यहां 1500 रुपए में किराए का कमरा हरियाणा के युवक ने दिलवाया था।

स्थानीय लोगों के अनुसार, वह दिन के करीब 16 घंटे लैपटॉप पर बिताता था। वह किसी से बात नहीं करता था।

लोगों से उसका संपर्क न के बराबर था। वह केवल नमाज के लिए मस्जिद जाता और तुरंत लौट आता था। उसकी इस चुप्पी और दूरी ने ही उसे एक साल तक पूरी तरह गुमनाम बनाए रखा। आसपास रहने वाले लोगों को भी उसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी।

## बीकाजी के CMD शिवरतन अग्रवाल का हार्ट अटैक से निधन :

### चेन्नई में ली अंतिम सांस, पत्नी के ऑपरेशन के लिए परिवार के साथ गए थे




**बीकानेर,एजेंसी।**बीकाजी के सीएमडी शिवरतन अग्रवाल (74) का गुरुवार सुबह चेन्नई में निधन हो गया। वे अपनी पत्नी के ऑपरेशन के सिलसिले में चेन्नई में थे।

गुरुवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार, उनकी पत्नी का हाल ही में हार्ट बायपास का ऑपरेशन हुआ था।

डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी थी। इसी कारण शिवरतन अग्रवाल परिवार सहित वहां के एक होटल में ठहरे हुए थे। बीकानेर के सार्दुलगंज के रहने वाले शिवरतन 10 दिन पहले परिवार के साथ चेन्नई गए थे।गुरुवार सुबह करीब साढ़े सात बजे शिवरतन अग्रवाल कुछ असहज महसूस कर रहे थे। हालत बिगड़ने पर उन्हें प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया था। जहां उनका निधन हो गया।

# 149 दिन बाद खुले बद्रीनाथ धाम के कपाट

### सीएम के बाद शंकराचार्य ने किए दर्शन, भगवान ने दिए मौसम अनुकूल रहने के संकेत





**चमोली,एजेंसी।**चारधाम यात्रा के पांचवें दिन चमोली स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट विधिवत रूप से खोल दिए गए हैं। सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर मंदिर के द्वार खुलते ही सबसे पहले सीएम पुष्कर सिंह धामी और उनके बाद शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने भगवान के दर्शन किए।अनुमान है कि करीब 7 हजार लोग दर्शन के लिए पहुंचें, कपाट खुलने के समय मंदिर परिसर में करीब 2 हजार लोग मौजूद थे। यहां सबसे पहले बीते छह महीनों से जल रही अखंड ज्योति के दर्शन किए जा रहे हैं।

वहीं, कपाट बंद होने के समय बद्रीविशाल पर चढ़ा घृत कंबल हटा दिया गया है। बद्रीनाथ धाम के पूर्व धर्माधिकारी आचार्य भुवन चंद्र उनियाल ने बताया कि इस साल कंबल घी में लबालब मिला है, जो ये संकेत देता है कि पूरे साल मौसम अनुकूल रहेगा।

**अब चारों धामों के कपाट खुल चुके:**बद्रीनाथ के कपाट खुलते ही अब श्रद्धालु उत्तराखंड में स्थित चारों धामों के दर्शन कर पाएंगे। इससे पहले अक्षय तृतीया के मौके पर 19 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुले थे, जिसके तीन दिन बाद 22 अप्रैल को बाबा केदारनाथ के कपाट खोले गए। राज्य सरकार का दावा है कि इस बार यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने का प्रयास किया गया है जिसके कारण 2025 के मुकाबले इस साल ज्यादा श्रद्धालु पहुंचेंगे।

### बंगाल के कुमारगंज में भाजपा प्रत्याशी को दौड़ाकर पीटा

## आसनसोल में भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा की कार पर हमला; मुर्शिदाबाद में ममता-हुमायूं कबीर समर्थक भिड़े

**कोलकाता/चेन्नई,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण मिदनापुर में कुमारगंज सीट से भाजपा कैंडिडेट सुवेंदु सरकार पर हमला हुआ है। सुवेंदु हमले से बचने के लिए भाग रहे दिखे। उनका सिक्योरिटी गार्ड उनके साथ है। इसके बावजूद भीड़ सुवेंदु को पीटती है।



इधर, बर्नपुर के रहमतनगर इलाके में आसनसोल साउथ सीट से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर भी हमला हुआ। इससे गाड़ी के पीछे का शीशा टूट गया। अग्निमित्रा ने बताया कि एक मतदान केंद्र से बाहर निकलते समय उनकी कार पर पत्थर फेंके गए।

अग्निमित्रा ने हीरापुर पुलिस स्टेशन जाकर शिकायत दर्ज कराई है। बंगाल में कई अन्य जगहों पर BJP और TMC कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें आ रही हैं। कई जगह EVM खराब होने की शिकायत भी आई हैं।

# मिर्जापुर में हादसा:11 की मौत, बोलेरो में 9 जिंदा जले

**कोई नहीं बचा; शवों को पहचानना मुश्किल**

### बेटे का मुंडन कराकर लौट रहा था परिवार

**मिर्जापुर,एजेंसी।**यूपी के मिर्जापुर में बुधवार रात सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। इसमें बोलेरो सवार 9 लोग जिंदा जल गए। हादसा रात 9.30 बजे मिर्जापुर-रीवा नेशनल हाईवे पर हुआ।



पुलिस के मुताबिक, एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक ब्रेक फेल होने से बेकाबू हो गया। ट्रक ने आगे चल रही बोलेरो और स्विफ्ट कार को टक्कर मार दी। दोनों गाड़ियां आगे चल रहे एक ट्रॉले से जा टकरा गईं।

रफ्तार तेज होने की वजह से टक्कर के बाद बोलेरो उछलकर अलग हो गई। तेज धमाके के साथ उसमें आग लग गई। जबकि, स्विफ्ट कार ट्रक और ट्राले के बीच में फंस गई।

आग इतनी भीषण थी कि बोलेरो सवार 9 लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। इसमें एक ही परिवार के 8 लोग और एक ड्राइवर था। करीब ढाई घंटे तक बोलेरो धू-धू कर जलती रही। मौके पर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग मदद के लिए आए, लेकिन आग तेज होने की वजह से कोई पास नहीं जा पाया।

लोग अंदर ही फंसे रहे। बाद में पुलिस और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। शव इतनी बुरी तरह से जल गए थे कि उन्हें पहचानना मुश्किल हो गया। परिवार मैहर से 8 साल के बेटे का मुंडन कराकर लौट रहा था।

### नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग का इस्तीफा:

# मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी से संबंधों पर विवाद

### एक महीने में दो मंत्री सरकार से बाहर

**काठमांडू,एजेंसी।**नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी और कारोबारी दीपक भट्ट से संबंध का आरोप है। इसके अलावा निवेश और वित्तीय लेनदेन को लेकर भी सवाल उठे हैं।

नेपाल के अखबार कांतिपुर की रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने निष्पक्ष जांच और हितों के टकराव से बचने के लिए पद छोड़ने की बात कही।

गुरुंग ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, 'मैंने अपने खिलाफ उठे सवालों को गंभीरता से लिया है। मेरे लिए नैतिकता किसी भी पद से बड़ी है और जनता का भरोसा सबसे बड़ी ताकत है।'



यह नेपाल की नई सरकार में एक महीने के भीतर दूसरा मामला है, जब किसी मंत्री को पद छोड़ना पड़ा है। इससे पहले 9 अप्रैल को श्रम, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा मंत्री दीपक कुमार साह को अनुशासनहीनता के आरोप में हटाया गया था।

**दीपक भट्ट की गिरफ्तारी के बाद गुरुंग पर सवाल उठे**

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गुरुंग के कारोबारी दीपक भट्ट से संबंधों को लेकर विवाद हुआ। दीपक भट्ट को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और मामले की जांच जारी है।

भट्ट की गिरफ्तारी के बाद गुरुंग की वित्तीय गतिविधियों, निवेश और शेयर को लेकर सवाल उठने लगे थे। मीडिया में उनके कथित संबंध और असामान्य ट्रांजैक्शन पर लगातार रिपोर्ट्स आईं।

कांतिपुर को मिले बैंक रिकॉर्ड के अनुसार, गुरुंग के निजी खाते, उनकी संस्था 'हामी नेपाल' और कंपनियों के बीच बड़े पैमाने पर लेनदेन हुए। इनमें कई ट्रांजैक्शन ऐसे हैं, जिनका सोर्स और उद्देश्य साफ नहीं हैं। रिकॉर्ड बताते हैं कि 'हामी नेपाल' के खाते हिमालयन बैंक और नबिल बैंक में थे।

### ट्रम्प ने भारत को नरक का द्वार बताया:

## कहा- भारतीय अमेरिका में बच्चों को जन्म देकर नागरिकता लेते हैं, फिर परिवार बुलाते हैं

**वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और चीन को हेल होल (नरक का द्वार) बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक चिट्ठी पोस्ट की है, जिसमें जन्म के आधार पर नागरिकता देने की आलोचना करके भारत-चीन समेत कई देशों पर विवादित टिप्पणी की गई है।उन्होंने यह भी इशारा किया कि उन्हें अदालतों और कानूनी संस्थाओं पर भरोसा नहीं है कि वे इस मुद्दे पर सही फैसला लें।



**ट्रम्प बोले- कैलिफोर्निया में भारत-चीन का दबदबा:**ट्रम्प ने चिट्ठी में कैलिफोर्निया के टेक सेक्टर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हाई-टेक नौकरियों में भारत और चीन के लोगों का बहुत ज्यादा असर है। उनके मुताबिक, वहां की कंपनियों में भर्ती का माहौल ऐसा बन गया है कि बाकी लोगों के लिए मौके बहुत कम रह गए हैं।

# चौठारी की रस्म में नहाने के दौरान गंडक नदी में डूबे चार लोगों में तीसरा शव बरामद

### शादी की खुशी में छाया मातम, डूबी एक अन्य बच्ची की शव की अब भी तलाश जारी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर पंचायत के बैजलपुर केशव में बीते दिन चौठारी पूजने के गए महिलाओं को स्नान करने के क्रम में कुल चार लोग डूब गए थे जहां दो महिलाएं की मौत डूबने से हो गई थी वही डूबे हुए 2 बच्चे में से एक बच्चा का मृत अवस्था में नदी से एसडीआरएफ के टीम ने सबलपुर के नजदीक से गुरुवार को बरामद कर ली है। इस बात की जानकारी देते हुए पंचायत कल्याणपुर के मुखिया प्रतिनिधि विक्रम सिंह,सरपंच भारत सिंह ने बताया कि 12 वर्षीय रिशु कुमार के मृत अवस्था में शब बरामद हुआ है वहीं पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. इस घटना में अब तक कुल तीन शव बरामद हुए है एक बच्ची के खोजबीन जारी है।इस कांड में 4 लोग डूबे है एक ही परिवार के लोग है। जिसमे माँ, बेटी, बेटा नलन्दा जिले के है जबकि एक बैजलपुर केशव के जनार्दन सिंह की पत्नी है। जनार्दन सिंह के बेटी के शादी 20 अप्रैल क़ो थी। चौठारी पुजन के समय स्न्नान के दौरान घटना बीते दिन घटी है।जनार्दन सिंह की बेटी की शादी सोमवार को हुई थी। शादी के बाद चौठारी रस्म के तहत बुधवार को परिवार के लोग नदी में स्नान करने पहुंचे थे। इसी दौरान जनार्दन सिंह की साला के लड़का व लड़की दोनों स्नान के क्रम में पैर पिछलने से गहरे पाने में चला गया जिसको देखकर भाई क़ो बचाने की कोशिश 15 वर्षीय रितु कुमारी डूबने लगी इन दोनों के



डूबता देख पटना जिला के बख्तियारपुर निवासी रवि कुमार की पत्नी गुड़िया देवी अपने दोनों बच्चे की डूबते देख वह भी बचाने गयी जहां दोनों महिलाएं भी डूब गयी। इसी बीच 15 वर्षीय रवि सिंह की पुत्री रितु कुमारी 12 वर्षीय पुत्र रिशु कुमार तेज धार में बह गए। काफी खोज बिन करने के बाद बुधवार के जनार्दन सिंह की पत्नी बबीता देवी ( 45 ) रवि सिंह की पत्नी गुड़िया देवी ( 35 ) क़ो नदी से निकाला .डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। एक घर से मां बेटी बेटा एवं दूसरे घर से एक महिला की मौत से मातम छा गई. परिवार जनों को रो -रो के बुरा हाल है।

## रसूलपुर-एकमा के बिजली उपभोक्ताओं में ब्लैक इवनिंग को लेकर आक्रोश, बच्चों की पढ़ाई बाधित

**शाम होते ही एकमा ग्रीड का पावर फेल**

**देवेन्द्र कुमार सिंह/ दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** एकमा ग्रीड का पावर विगत कई दिनों से शाम होते ही फेल हो जा रहा है. ब्लैक इवनिंग पिछले एक सप्ताह से हो रहा जिससे उपभोक्ताओं में गहरा आक्रोश है. शाम की कटी बिजली दो से तीन घंटे बाद देर रात को आती है. लोगों का कहना है कि इससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही और वे बिना होम वर्क किये ही सो जाने पर विवश हैं. रसूलपुर क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने बुधवार को बिजली गुल होने से पुरी रात जाग कर बिताई. उपभोक्ताओं का कहना है कि ग्रीड का सरकारी फोन भी कर्मियों ने व्यस्त मोड में डाल देते हैं जिससे जानकारी के अभाव में और भी तनाव ग्रस्त उपभोक्ता हो जा रहे हैं. उधर मुकुंदपुर, माधोपुर फीडर के उपभोक्ताओं का कहना है कि रोजाना शाम होते ही बिजली की आंख मिचौली शुरू हो जाती है, हर एक घंटे पर एक एक घंटे के लिए बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है. लाइनमैन सह मानव बल मनीष सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी में ऊपर से ही बिजली आपूर्ति सीमित मात्रा में मिल रही है इसलिए यह समस्या उत्पन्न हो रही है. जेई संतोष सावन का कहना है कि जब ऊपर से ही ग्रीड को बिजली आपूर्ति नहीं मिले तो इसमें क्या किया जा सकता है.

## अनुमंडल व्यवहार न्यायालय सोनपुर के नए भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन आज

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** अनुमंडल व्यवहार न्यायालय सोनपुर के नए भवन के निर्माण को लेकर आज शुक्रवार के संध्या 4 बजे भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह भवन एएनएम ट्रेनिंग सेंटर के पीछे प्रस्तावित स्थल पर बनाया जाएगा। इस अवसर पर पटना उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश सहित कई वरिष्ठ न्यायाधीशों की उपस्थिति रहेगी। इस परियोजना पर लगभग 38 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू शिलान्यास करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद ( जज-सह-जेडी- द्धद्ध, पटना उच्च न्यायालय ) तथा न्यायमूर्ति ए. अभिषेक रेड्डी ( न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय एवं निरीक्षण न्यायाधीश, सारण ) सहित अन्य माननीय न्यायाधीशगण की उपस्थिति प्रस्तावित है। इस नए भवन के निर्माण से सोनपुर क्षेत्र में न्यायिक व्यवस्था और सुविधाओं के और अधिक सुदृढ़ होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## फाइनेंस कर्मी से मारपीट कर बदमाशों ने रुपए व मोबाइल छीनकर फरार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नयागांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत शेखडुमरी में एक मिडलैंड माइक्रो फाइनेंस कंपनी लिमिटेड में कार्यरत कर्मी के कुछ बदमाशो ने उसे सुनसान के फायदा उठाते हुए उसे रास्ते में घेर कर उसकी बुरी तरह से लाठी डंडे से मारपीट कर बुरी तरह से घायल करते हुए उसके रुपए,मोबाइल अन्य समान छीनकर फरार हो गया है। इस घटना की जानकारी कंपनी में कार्यरत कर्मियों को जैसे ही मिली वैसे ही कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल अवस्था में पड़ा पीड़ित मुकेश कुमार को सोनपुर के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया.जहां डॉ ने नाजुक हालत देखकर सदर अस्पताल हाजीपुर में रेफर कर दिया. घायल मुकेश कुमार पिता उमाशंकर शाह घर फरहारा थाना सिन्हा जिला भोजपुर के निवासी के रूप में पहचान हुई है। इस घटना की जानकारी पीड़ित ने नयागांव थाने में आवेदन देते हुए बताया कि पीड़ित आसपास के गांव के लोगों से लिए गए ऋण के पैसे बसूली कर उसे एकत्रित कर वह लौट रहे थे.इसी दौरान चार पांच लड़के ने शेखडुमरी में पकड़ कर मारपीट करते हुए घायल किया और रुपए,मोबाइल अन्य समान छीनकर फरार हो गया है उसमें एक को पहचान कर ली हैं। इस घटना के संबंध में नयागांव थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने गुरुवार को बताया कि मिडलैंड माइक्रो फाइनेंस नयागांव में कार्यरत कर्मियों को शेखडुमरी में कुछ युवक ने मारपीट कर घायल कर दिया था एवं पीड़ित ने आवेदन में रुपए व मोबाईल छीनने के बात कही है। पीड़ित के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई में पुलिस जुट गई है एवं मारपीट व रूपये छीनने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापामारी की जा रही है।

## दिघवारा में बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से फिर हुई जालसाजी, 10 दिनों में तीसरी घटना

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा।** दिघवारा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के एक ग्राहक के बचत खाते से जालसाजी कर दो बार में कुल 20 हजार रुपये की निकासी कर ली गई। इस संबंध में हराजी पंचायत के हराजी गांव निवासी लालबाबू राय ने दिघवारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज मामले में पीड़ित ने बताया कि उसके बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से अलग-अलग तिथियों में दो बार 10-10 हजार रुपये की अवैध निकासी कर ली गई। घटना की सूचना शाखा प्रबंधक को भी दे दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि पिछले 10 दिनों में बैंक ऑफ बड़ौदा खातों से अवैध निकासी की यह तीसरी घटना है। इससे पहले बस्ती जलाल गांव निवासी त्रिलोकी साह के चोरी हुए मोबाइल के जरिए खाते से रुपये निकाले गए थे, जबकि दिघवारा के ब्रजकिशोर सिंह के खाते से भी 10 हजार रुपये की निकासी की गई थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से बैंक ग्राहकों में दहशत का माहौल है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## मशरक में पिस्टल, चाकू एवं बाइक के साथ तीन गिरफ्तार, एक फरार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना पुलिस दिवा गश्ती पर थी उसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि गंगौली में मुखिया परमात्मा मांझी के घर से पश्चिम चंवर में कुछ व्यक्तियों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट कर रहे है।उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मशरक थाना पुलिस टीम द्वारा ग्राम गंगौली पहुँचा एवं घेराबंदी कर 03 व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में सभी घोघिया गांव के धनंजय कुमार पिता राजेंद्र राम,अमित कुमार पिता संतोष कुमार सिंह एवं प्रमोद राम पिता बबन राम पाए गए। जॉच एवं तलाशी के क्रम में धनंजय कुमार के पास से एक अवैध पिस्टल ( बिना मैगजीन ), प्रमोद राम के पास से चाकू-01, मोबाइल 2 एवं बाइक-01 बरामद किया गया। पिस्टल के मैगजीन के बारे में पूछने पर धनंजय कुमार के द्वारा बताया गया कि पिस्टल का मैगजीन एवं दो जिंदा कारतूस फरार अभियुक्त के पास हैं।इस संबंध में मशरक थाना कांड संख्या-252/26 दर्ज कर 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। फरार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## बाइक सवार को चाकू मार एक लाख रुपए छीने, पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के पकड़ी से बहरौली जाने वाली मुख्य सड़क पर खजुरी पुल के पास बाइक सवार युवक को घेर कर चाकू मार एक लाख रुपए की छीनतई करने का मामला सामने आया। चाकूबाजी में घायल बहादुरपुर गांव निवासी शम्भू राम का 30 वर्षीय पुत्र जैकी राम हैं। घायल का सीएचसी मशरक में हुआ। घायल ने बताया कि उसकी मां का निधनं बीते सप्ताह हुआ है उसी श्राद्ध कर्म के लिए सिरसा जलालपुर गांव में मामा के यहां से एक लाख रुपए लेकर बहादुरपुर गांव के लिए बाइक से आ रहा था कि खजुरी पुल के पास बाइक सवार ने आगे से रोक दिया गया और एक लाख रूपये और मोबाइल छीन लिया वहीं विरोध करने पर आधा दर्जन जगहों पर चाकू मार गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल के द्वारा चाकू मार रुपये छीनने वाले की पहचान की गयी हैं। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

## सोनपुर का होगा होगा भव्य कायाकल्प, 680 करोड़ की विकास राशि की प्रशासनिक स्वीकृति से खुशी

### भाजपा नेता राकेश सिंह का गाजे-बाजे व फूल-माला से जोरदार स्वागत

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण जिले के ऐतिहासिक हरिहर नाथ कॉरिडोर के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सोनपुर के समग्र विकास लिए 680 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम है और यह सांसद राजीव प्रताप रूडी के 15 साल के मेहनत और अथक प्रयास से ही संभव हो पाया है। साथ ही बाबा हरिहरनाथ मंदिर के विकास कि परिक्लपना जो देखी थी वह अब पूरी होगी। उक्त बातें भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने खरीका बाजार पर स्वागत के दौरान कही। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोनू सिंह, अधिवक्ता मृत्युंजय पांडेय, अमरेंद्र भगत, रजनीश महाराज, लक्ष्मण सिंह,



धर्मनाथ सिंह, चंदन मिश्रा, बिरजू पासवान, दीपू कुशवाहा सहित बड़ी संख्या मे लोग़ उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की शौर्य दिवस मनाया गया

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सांसद संपर्क केंद्र शिक्षक कॉलोनी सोनपुर में भाजपा कार्यकर्ताओ सहित अन्य लोगो ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की शौर्य दिवस विजयोत्सव के रूप में सोनपुर सहित देशभर में धूमधाम से गुरुवार क़ो मनाया गया। वीर कुंवर सिंह का जन्म 13 नवम्बर 1777 को बिहार के भोजपुर जिले के जगदीशपुर गांव के एक क्षत्रिय जमीनदार परिवार में हुआ था। इनके



पिता बाबू साहबजादा सिंह जबकि उनके माताजी का नाम पंचरत्न कुंवर था.भोजपुर के जगदीशपुर में जन्मे इस वीर योद्धा को उनके 80 वर्ष की उम्र में अंग्रेजों को हराने के पराक्रम के लिए याद किया गया। सभी लोगो ने स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की 249 वीं जयंती के मौके पर उनके तैल चित्र पर मल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व व कृतत्त्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु ने किया। इस मौके पर समाजसेवी राजीव मुनमुन ने कहा की वीरकुंवर सिंह की वीरता और बलिदान आज की युवाओ के लिए प्रेरणास्रोत है, उनकी देश सेवा की भावना को आगे बढ़ाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

## पूर्व मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू ने सपरिवार बाबा हरिहरनाथ मंदिर में की पूजा अर्चना




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहरक्षेत्र के हरि और हर संयुक्त रूप में विख्यात बाबा हरिहरनाथ मन्दिर में गुरुवार के सुपौल जिले छातापुर से वर्तमान भाजपा विधायक व पीएचईडी विभाग के पूर्व मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू सपरिवार सोनपुर पहुँच कर बाबा हरिहरनाथ मंदिर के गर्भगृह में पहुँचे.जहाँ मंदिर के पुजारी ने विधि विधान के साथ रुद्राभिषेक कराया। मंत्री नीरज कुमार सिंह ने बाबा हरिहरनाथ के चरणों में शीश नवाकर, पूरे बिहार की जनता के जीवन में खुशहाली,तरक्की,सकारात्मक बदलाव के लिए प्रार्थना एवं मंगल कामना की।तत्पश्चात उन्होंने बाबा हरिहरनाथ मन्दिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह लल्ला से औपचारिक रूप से मिलकर उनसे मन्दिर के विकास और बिहार सरकार द्वारा हरिहरनाथ कॉरिडोर शीघ्र प्रारम्भ किए जाने की चर्चा की। उपर्युक्त अवसर पर हरिहरनाथ मन्दिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह ने उनका अभिवादन किया और पुजारीगण ने पूजन कार्य में सहयोग कर आशीर्वाद प्रदान किए।

## पंच दिवसीय महायज्ञ के तीसरे दिन नगर भ्रमण, भव्य प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड के ब्राहिमपुर गांव में आयोजित पंच दिवसीय महायज्ञ के तीसरे दिन गुरुवार को धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ महायज्ञ परिसर में उमड़ पड़ी। कार्यक्रम के तहत नगर भ्रमण, स्थापिवास एवं मूर्ति प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पूरे गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। महायज्ञ परिसर में आचार्य शशिकांत तिवारी, आचार्य पंडित पंकज दुबे, पंकज तिवारी एवं रविराज पाण्डेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमान कामेश्वर सिंहङ्कगीता देवी, बृजेश सिंहङ्कमाला देवी तथा संजय सिंहङ्कमनौती देवी की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न कराया। पूरे अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालु मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन में लीन रहे। कार्यक्रम में आयोजनकर्ता कृष्णा सिंह, कामेश्वर सिंह, देवनाथ सिंह, शशि सिंह, बजेंद्र सिंह, अनिल सिंह, मनु कुमार सिंह, विशाल कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने मिलकर महायज्ञ को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में प्रवचनकर्ता ने भगवान हनुमान के दिव्य चरित्र और गुणों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने



कहा कि भगवान हनुमान केवल शक्ति के प्रतीक ही नहीं, बल्कि सच्ची भक्ति, विनम्रता और सेवा भाव के आदर्श भी हैं। उन्होंने अपने जीवन में प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट समर्पण दिखाते हुए हर कठिनाई का सामना साहस और बुद्धिमत्ता से किया। प्रवचन में बताया गया कि हनुमान जी से हमें निस्वार्थ सेवा, गुरु और ईश्वर के प्रति पूर्ण श्रद्धा, संकटों में धैर्य और दृढ़ संकल्प रखने की प्रेरणा मिलती है। उनका जीवन यह सिखाता है कि सच्चे मन से की गई भक्ति और परिश्रम से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। साथ ही, उन्होंने अहंकार त्याग कर विनम्रता और परोपकार की भावना अपनाने का संदेश दिया।

## नए व्यवहार न्यायालय भवन निर्माण कार्य को लेकर डीएम -एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर में विकास योजनाओं को लेकर प्रशासन ने तेजी के संकेत दिए हैं। गुरुवार के शाम सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव व एसपी ने विश्व विख्यात हरिहरनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और इसके बाद महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी साझा की। मंदिर परिसर में अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान डीएम ने हरिहरनाथ कॉरिडोर के जल्द शुरू होने की संभावना जताई, जिससे क्षेत्र में पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। डीएम ने बताया कि सोनपुर में करीब 38 करोड़ रुपये की लागत से नए व्यवहार न्यायालय भवन का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इस परियोजना के तहत आधुनिक 'दस कोर्ट भवन', 'एमेनिटी भवन' और 'हाजत' का निर्माण किया जाएगा, जिससे न्यायिक व्यवस्था और मजबूत होगी। इसी क्रम में 24 अप्रैल को इस परियोजना का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित होगा। संगम कुमार साहू, मुख्य न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय शाम 4 बजे भूमि पूजन करेंगे। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद और न्यायमूर्ति ए. अभिषेक रेड्डी सहित कई न्यायाधीशों के शामिल होने की संभावना है। इस भूमि पूजन के पूर्व सारण डीएम,एसपी ने स्थलों का निरीक्षण करते हुए उपस्थित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिए।



## बदमाशों ने दिनदहाड़े डाककर्मी दंपती से चैन स्नैचिंग की वारदात को दिया अंजाम

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** छपराङ्कसिवान मुख्य मार्ग पर बनवार रेलवे ओवरब्रिज के पूर्वी छोर पर गुरुवार को बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े डाककर्मी दंपती को निशाना बनाते हुए चैन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार डाककर्मी सत्येंद्र प्रताप सिंह अपनी पत्नी अनीता सिंह, जो स्वयं भी डाक विभाग में कार्यरत हैं, के साथ छपरा स्थित आवास से एकमा पोस्ट ऑफिस मीटिंग में शामिल होने जा रहे थे। तभी पीछे से आए दो अज्ञात अपराधियों ने झपट्टा मारकर अनीता सिंह के गले से सोने की चैन छीन ली और एकमा की ओर फरार हो गए।घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित दंपती ने इस संबंध में स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में दाउदपुर बाजार में भी एक महिला शिक्षिका से चैन स्नैचिंग की घटना हुई थी, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

## आर्म्स एक्ट सह चार हजार के इनामी अभियुक्तों की पुलिस को तलाश

**सिवान।** जिला पुलिस चार हजार के इनामी अभियुक्तों की तलाश पुलिस कर रही है। इसको लेकर पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी भी की जा रही है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है। भगवानपुरहाट थाना कांड संख्या 381/25 में अभियुक्त भगवानपुरहाट थाना क्षेत्र के महमदा निवासी जय प्रकाश सिंह, रौशन कुमार सिंह एवं नंदकिशोर सिंह पर चार हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## जिले में भीषण गर्मी को देख स्कूलों में पठन-पाठन के समय में बदलाव, 11:30 के बाद नहीं चलेंगी कक्षाएं

**परवेज अख्तर/सिवान।** जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। जिले में गुरुवार को अधिकतम पारा 41 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। जनजीवन पर पड़ रहे बुरे प्रभाव से हर वर्ग परेशान हैं। वहीं पशु-पक्षियों पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने गुरुवार को स्कूलों के संचालन संबंधित आदेश जारी किया। डीएम ने आदेश दिया है कि सरकारी व निजी स्कूल के साथ कोचिंग में किसी भी वर्ग की कक्षाओं का संचालन सुबह के 11ः30 के बाद नहीं होगा। यह आदेश शुक्रवार से 30 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा। जिला पदाधिकारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के धारा 163 के तहत यह आदेश जारी किया है। इसका उलंघन करने वाले संस्थान के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह कदम उठाया गया है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। बता दें कि गुरुवार की सुबह से ही तेज धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया। दोपहर होते-होते तापमान में और बढ़ोतरी हुई। जिससे सड़कों पर आवाजाही कम हो गई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के आलोक में जिले में चलने वाले अत्यधिक गर्म हवा (लू) एवं दोपहर के समय भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है।

## प्रदर्शनी लगा पांडुलिपियों को साझा करने के लिए किया गया प्रेरित

**सिवान।** सदर प्रखंड के धनौती गांव स्थित कबीर मुनीश्वर बालक हाई स्कूल के प्रांगण में ज्ञान भारतम मिशन के तहत ग्रामीण जागरूकता कैंप का आयोजन जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय के आदेश पर किया गया। इसमें ऐतिहासिक पांडुलिपियों की जानकारी साझा करने के लिए आम लोगों को प्रेरित किया गया। धनौती के कुछ ग्रामीणों के पास से पूर्व में ऐतिहासिक पांडुलिपियां मिल चुकी हैं। इस शिविर का आयोजन रसमंजरी फाउंडेशन द्वारा जिला प्रशासन और अन्य कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत देशभर में उपलब्ध भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित पांडुलिपियों का वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण किया जा रहा है, ताकि यह अमूल्य धरोहर शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को सुलभ हो सके। इस दौरान आयोजित एक मेधा सम्मान शिविर में आम जन और युवाओं को संबोधित करते हुए जिला पंचायत पदाधिकारी बालेंदु नारायण पांडेय ने कहा कि सभी लोग अपने घरों में पुराने दस्तावेजों को ढूंढे और कोई 75 साल से पुरानी कोई पांडुलिपि मिले तो जरूर उसे साझा करें। कैंप के आयोजन के लिए डीडीसी मुकेश कुमार, डीईओ राघवेंद्र प्रताप सिंह, कला और संस्कृति पदाधिकारी शालू कुमारी, स्थापना उपसमाहर्ता जूली कुमारी, डीपीआरओ कन्हैया कुमार, सदर बीडीओ नीतू प्रियदर्शिनी का मार्गदर्शन मिला।

## महिलाओं का इंडि गठबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

**सिवान।** गुरुवार को जिले छात्राओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास नहीं होने पर प्रदर्शन किया और अपनी नाराजगी व्यक्त की। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि विपक्ष की नीतियां जनहित और महिला सशक्तिकरण के अनुरूप नहीं हैं। विपक्ष विशेष कर कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी द्वारा महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर केवल राजनीतिक बयानबाजी की जाती है, जबकि जमीनी स्तर पर ठोस पहल का अभाव रहा है। महिलाओं ने भाजपा की नीतियों और योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि पार्टी ने महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। महिलाओं को संबोधित करते हुए श्रेयांशी कुमारी श्रीवास्तव ने कहा आज की महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति पूरी तरह जागरूक हैं और देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाना चाहती हैं। विपक्ष हमेशा महिलाओं के मुद्दों को नजरअंदाज किया है, जबकि भाजपा ने हमें सम्मान और आगे बढ़ने का अवसर दिया है। वहीं, प्रति कुमारी ने अपने संबोधन में कहा यह प्रदर्शन महिलाओं की एकजुटता का प्रतीक है। मौके अंशु यादव, सेमी सिंह, नेहा कुमारी, प्रियंका कुमारी, आराध्या कुमारी, ममता कुमारी, रागिनी कुमारी, रोशनी सिंह, सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## रेल लाइनों के किनारे आगजनी की घटनाओं पर अंकुश लगने को लेकर किया जा रहा जागरूक

**सिवान।** रेल लाइनों के किनारे आगजनी की घटनाओं पर अंकुश लगने को लेकर रेलवे लोगों को जागरूक कर रही है। इस संबंध में वाराणसी मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि संरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की रोकथाम हेतु रेलवे प्रशासन सतत प्रयत्नशील है। रेल लाइनों के किनारे आगजनी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए व्यापक कदम उठाए गए हैं। इसके लिए बड़े पैमाने जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि यात्री अपनी यात्रा के गाड़ियों में विस्फोटक अथवा ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें, रेल लाइन के किनारे रहने वाले किसान अथवा अन्य व्यक्ति रेल लाइन के किनारे सूखी घास अथवा पराली न जलावे। इससे रेल ट्रैक पर आगजनी होने पर रेल संचालन बाधित हो सकता है। रेल प्रशासन की जन सामान्य से अपील है कि वे रेल यात्रा के दौरान विस्फोटक अथवा ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें। यात्रियों की जान खतरे में पड़ सकती है।

## डॉन बास्को में मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित

**सिवान।** डान बास्को हाई स्कूल के प्रांगण में गुरुवार समारोह का आयोजन कर विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस विशेष कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया, ताकि उनकी निरंतर प्रेरणा और सहयोग को उचित सम्मान दिया जा सके। समारोह में विद्यालय के छात्र मोहम्मद मोईउद्दीन को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, मोइउद्दीन ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डायरेक्टर डा. कोशी वैद्यन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनके अनुशासन की सराहना की। विद्यालय के चेयरमैन थॉमस कोशी ने मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता, निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है। प्रधानाचार्या डा. प्रियंका पायल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों की सफलता केवल उनकी मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे उनके अभिभावकों का त्याग और अटूट समर्थन भी है। ह कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय प्रशासन ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोगात्मक प्रयासों को जारी रखने पर बल दिया।

# हरिहरनाथ कॉरिडोर से विकास को नई गति- सांसद राजीव प्रताप रूडी

- बाबा हरिहरनाथ मंदिर कॉरिडोर के लिए 680 करोड़ की राशि स्वीकृत
- नई परियोजना में केंद्र की स्वदेश दर्शन योजना के पूर्व स्वीकृत ?50 करोड़ अतिरिक्त रूप से भी शामिल होंगे
- सांसद राजीव प्रताप रूडी 2014 से प्रयासरत; 01 जुलाई 2019 को लोकसभा में भी प्रमुखता से उठाया था मुद्दा
- 65 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में विकास; मंदिर परिसर के साथ गंडक एवं गंगा तटों का होगा सौंदर्यीकरण
- वाराणसी के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा और डिजिटल सुविधाएं
- वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर उभरेगा सोनपुर, जिससे स्थानीय रोजगार के नए अवसर मिलेंगे

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी का क्षेत्र के समग्र विकास के लिए उनका सतत प्रयास और राज्य सरकार के साथ समन्वय अब ठोस परिणाम के रूप में सामने आ रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित पहली ही कैबिनेट बैठक में 680 करोड़ रूपये से बाबा हरिहरनाथ कॉरिडोर का निर्माण संबंधी सारण से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों पर मुहर लगना इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।इस संबंध में रूडी ने विशेष रूप से सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ धाम के लिए स्वीकृत 680 करोड़ की योजना का स्वागत करते हुए कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर बनने वाला हरिहरनाथ कॉरिडोर पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल देगा। लगभग 65 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित होने वाली इस योजना के अंतर्गत मंदिर परिसर के साथ गंडक एवं गंगा तटों का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा, जिससे सोनपुर एक प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। रूडी ने कहा कि इस परियोजना से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के व्यापक अवसर सृजित होंगे, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

सोनपुर स्थित विश्वप्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर के कायाकल्प और इसे भव्य कॉरिडोर का रूप देने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। सांसद राजीव प्रताप रूडी के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप बिहार सरकार ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 680 करोड़ रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। सांसद रूडी वर्ष 2014 से ही इस मंदिर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत थे। सांसद ने 01 जुलाई 2019 को लोकसभा में भी इस मंदिर के विकास का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था और केंद्र व राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित किया था। शुरुआत में केंद्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के तहत इसके लिए 50 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी। परन्तु, परियोजना की विशालता को देखते हुए यह राशि पर्याप्त नहीं थी। कार्य को पूर्णता तक पहुँचाने के लिए सांसद ने राज्य सरकार से विशेष हस्तक्षेप और अतिरिक्त बजटीय सहायता का आग्रह किया था। बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत 680 करोड़ की इस नई योजना में भारत सरकार द्वारा पूर्व में आवंटित 50 करोड़ की राशि को भी अतिरिक्त समाहित किया गया है। अब यह परियोजना एक वृहद स्वरूप में धरातल पर उतरेगी, जिससे मंदिर परिसर को आधुनिक सुविधाओं और भव्य बुनियादी ढांचे से लैस किया जाएगा।

इस संबंध में सांसद रुडी ने कहा कि यह सोनपुर की जनता और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था है। 2014 से देखा गया सपना अब साकार होने जा रहा है। 680 करोड़ की यह राशि हरिहरनाथ धाम को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि इस कॉरिडोर के निर्माण से न केवल श्रद्धालुओं को सुलभ और सुरक्षित दर्शन की सुविधा मिलेगी, बल्कि वाराणसी के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर सोनपुर में पर्यटन और



स्थानीय रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। सांसद ने सारण की जनता की ओर से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि पहली ही कैबिनेट बैठक में ऐसे दूरगामी निर्णय राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## ट्रक चालक से मारपीट

**मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के नौतन में ट्रक चालक से मारपीट कर रुपया छीन लेने की एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। नौतन निवासी नसीम आलम ने प्राथमिकी में कहा है कि उसका पुत्र खुर्शीद आलम मंगलवार लोड ट्रक का अमनौर खोरीपाकड़ धर्मकांटा पर वजन करा कर लौट रहा था। ट्रक नें उसका साला शहजाद आलम भी मौजूद था। इसी दौरान नौतन इद्रिश मियां के घर के पास पहुंचें। पीछे से बाइक पर सवार होकर पहाड़पुर अमनौर निवासी पिन्टू सिंह, राहुल कुमार सिंह और खोरीपाकड़ निवासी मोहीत सिंह, 2-3 अज्ञात के साथ ट्रक को घेर लिया। सभी ने मिलकर उसके पुत्र के साथ मारपीट की और पाकेट से 35 हजार रुपया छीन लिया। जख्मी का इलाज मढ़ौरा सरकारी अस्पताल में कराया गया है।

## यज्ञ संचालन समिति का गठन

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** प्रखंड के किशुनपुर धरान बाजार मे होने वाले श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा अनुष्ठान सह श्रीराम कथा आयोजन समिति की बैठक बैजनाथ पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 25 मई 2026 से एक जून 2026 तक आयोजित होने वाले आध्यात्मिक समारोह की प्रगति की समीक्षा की गई तथा एक संचालन समिति का गठन किया गया। बैजनाथ पाण्डेय की अध्यक्षता मे 25 सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया गया। मनोनीत सदस्यों में राजेन्द्र कुंवर पूर्व सरपंच,राधानन्द कुंवर , शशिभूषण टुन्ना , अवधेश कुंवर ,भगवानजी कुंवर , कुबेर नाथ कुंवर , भोलाजी आनन्द , ललन कुंवर , सुशील कुंवर , नागेन्द्र कुंवर , मनजीत प्रसाद , गौतम कुंवर , कन्हैया कुंवर कोर्ट बाबू , सुनील कुंवर ,राजेश्वर कुंवर, संजीव चौबे जिला कार्यवाह ,निरज यादव विद्यार्थी परिषद् , धन्नजय कुमार विश्व हिन्दू परिषद् , अनुज गुप्ता जिला संयोजक बजरंगदल , सुरभित दत्त संस्कार भारती , धन्नजय कुमार गोलू एवं जयवर्धन जी स्वदेशी जागरण मंच , अमितांशु भूषण मिश्र , नारायण सिंह मजदूर संघ शामिल है। बैठक में श्रीमद्भागवत कथा अनुष्ठान के बाद एक घंटा का भजन संध्या प्रतिदिन कराने का निर्णय लिया गया।

## शराब लदी एक मारुति कार जब्त

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी पुलिस ने थाना क्षेत्र के भाठा महम्मदपुर से गुरुवार को शराब लदी एक मारुति कार जब्त किया है हालांकि शराब तस्कर तथा चालक पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे। पुलिस फरार तस्कर तथा वाहन चालक की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए जगह जगह छापेमारी कर रही है।थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब के तस्कर कार में बड़ी मात्रा मे शराब लादकर भाठा महम्मदपुर के रास्ते ले जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुअनि अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम बनाकर भाठा महम्मदपुर ने विशेष वाहन जांच लगाया गया। जांच के दौरान कार से लदी देशी बंटी बबली शराब बरामद किया गया। बरामद शराब की मात्रा 269 लीटर बताया जाता है।इस मामले में पुलिस नई उत्पाद अधिनियम के तहत प्रथमिकी दर्ज कर मामले का अनुसंधान कर रही है।

## कैंप में सोलर वेंडर्स को भी किया गया है आमंत्रित

**सिवान।** जिले के सभी प्रखंडों में पीएम सूर्यघर योजना के तहत विशेष लोन मेला कैंप का आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लाभार्थियों से आवेदन प्राप्त करना और मौके पर ही ऋण वितरण सुनिश्चित करना है। कैंप में सोलर वेंडर्स को भी आमंत्रित किया गया है। जो अपने फ्लेक्स, कैनोपी व अन्य सामग्री के साथ उपस्थित रहेंगे। वे उपभोक्ताओं को सोलर सिस्टम से जुड़ी जानकारी देंगे और आन-द-स्पाट आवेदन प्रक्रिया में सहयोग करेंगे। इसके साथ ही कैंप स्थल पर ही बिल सुधार शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इससे उपभोक्ताओं को एक ही जगह पर दोनों सेवाओं का लाभ मिल सके। विद्युत कार्यपालक अभियंता रोशन कुमार ने बताया कि अप्रैल माह में बिल सुधार को अत्यंत गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अप्रैल के बाद किसी भी प्रकार का बिल सुधार स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और समय रहते अपने बिजली बिल से जुड़ी समस्याओं का समाधान कराएं। ---

## 85 लीटर देसी शराब बरामद, तस्कर फरार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर में पुलिस ने गंगा नदी के रास्ते हो रही तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की है।जहाँ थाना क्षेत्र के सबलपुर चहारम स्थित बाबा घाट पर देर रात छापेमारी कर 85 लीटर देसी शराब जब्त की गई, जबकि तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। सोनपुर पुलिस ने गुरुवार क़ो बताया कि तलाशी के दौरान पुलिस ने तीन बोरों में रखे 17 पॉलिथीन पैकेट बरामद किए, जिनमें कुल 85 लीटर अवैध शराब बरामद की है. इस छपामारी में पुलिस ने चार अज्ञात तस्करों के खिलाफ मद्यनिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## दुष्कर्म मामले में एक नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**सिवान।** बढ़हरिया थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार को दुष्कर्म मामले में एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बढ़हरिया थाना क्षेत्र के नूराहाता निवासी अफजल सैफी उर्फ अब्दुल सैफी है। जिसे पुलिस ने पूछताछ कर जेल भेज दिया। इस संबंध में एसपी ने बताया कि पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर बढ़हरिया थाना अंतर्गत कांड दर्ज कर प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त नूराहाता निवासी अफजल सैफी उर्फ अब्दुल सैफी को गुरुवार को उसके घर से विधिवत गिरफ्तार किया गया। छापेमारी टीम में अपर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार तिवारी, पुअनि आभा कुमारी एवं थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।



## आइसा सारण जिला का तीसरा जिला सम्मेलन संपन्न, 23 सदस्यीय नई कमेटी का गठन




**दैनिक खोज खबर / छपरा।** आइसा सारण जिला का तीसरा जिला सम्मेलन गुरुवार को छपरा स्थित अंबेडकर भवन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन में जिले भर से बड़ी संख्या में छात्र-युवा साथियों ने भाग लिया और शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय तथा लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़े सवालों पर गंभीर चर्चा की गई। सम्मेलन में मुख्य रूप से आइसा के महासचिव कॉमरेड प्रसेनजीत, बिहार राज्य सचिव कॉमरेड सबीर , माले सारण जिला सचिव कॉमरेड हंसनाथ, विजेंद्र मिश्र, पुरुषोत्तम सिंह सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। सम्मेलन के अंत में नई जिला कमेटी का गठन किया गया। सम्मेलन की शुरुआत महासचिव कॉमरेड प्रसेनजीत के उद्घाटन और अतिथियों के संबोधन से हुई, जिसमें वर्तमान शैक्षणिक - राजनीतिक परिस्थिति पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020, शिक्षा के निजीकरण और बढ़ती बेरोजगारी के कारण छात्र-समुदाय गहरे संकट का सामना कर रहा है। ऐसे समय में छात्र-आंदोलन को मजबूत करना और व्यापक एकता बनाना जरूरी है। सम्मेलन में संगठनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें पिछले कार्यकाल के दौरान जिले में चलाए गए आंदोलनों, अभियानों और संगठन विस्तार की समीक्षा की गई। रिपोर्ट में यह बताया गया कि आइसा सारण ने विभिन्न छात्र-हितों के सवालों पर लगातार संघर्ष किया है और जिले में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। साथ ही, संगठन निर्माण, सदस्यता विस्तार और कॉलेज- स्तर पर इकाइयों को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। सम्मेलन में आगामी कार्यभार भी निर्धारित किया गया, जिसमें नई शिक्षा नीति 2020 के खिलाफ आंदोलन तेज करने, जयप्रकाश विश्वविद्यालय में सत्र नियमित कराने, शिक्षकों की बहाली, छात्रावास निर्माण, लाइब्रेरी और बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित कराने, तथा छात्र युवा के रोजगार के सवालों को केंद्र में लाने का संकल्प लिया गया। अंत में सम्मेलन ने यह संकल्प लिया कि आइसा सारण जिला शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के सवालों पर संघर्ष को और तेज करेगा तथा छात्र समुदाय के अधिकारों की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाएगा।

## बंद पचरुखी चीनी मिल की भूमि पर चला बुलडोजर

**परवेज अख्तर/सिवान।** बंद पड़े पचरुखी चीनी मिल की भूमि पर 40 वर्षों से काबिज लोगों को बेदखल करने को लेकर गुरुवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। पहले दिन प्रशासन ने चार बीघा 12 कट्ठा 10 धुर भूमि को खाली कराया। इसके साथ ही प्रशासन ने यहां रह रहे लोगों को अगले तीन दिन में अपना कब्जा हटा लेने का निर्देश दिया। यहां रह रहे परिवारों की संख्या दस से अधिक है। अतिक्रमण हटाने को लेकर यह कार्रवाई एसडीपीओ अजय कुमार सिंह, एसडीओ आशुतोष गुप्ता, डीसीएलआर नलिनी कुमारी, सीओ आफताब आलम व थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। स्थायी तौर पर मकान बना कर रहे लोगों को प्रशासन ने तीन दिनों का अल्टीमेटम दिया, कहा कि यथा शीघ्र जमीन मुक्त करें, अन्यथा बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया जाएगा। इस कार्रवाई से अतिक्रमण कारियों में हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन से मिली जानकारी अनुसार अभी 14 बीघा 8 कट्ठा 8 धुर जमीन अतिक्रमण मुक्त कराना है। वहीं अतिक्रमण कारियों ने बताया कि हमलोग 40 वर्षों से यहां रह रहे हैं, यह भूमि चीनी मिल की नहीं है, मिल में काम करने वाले मजदूरों से हमलोग भाड़ा पर लिया है। द बिहार स्टेट सूगर मिल पचरुखी 1976 में बंद हो गया। जहां सन 2000 से यह मामला डीआरटी कोर्ट में विचाराधीन था। गौरतलब है कि चीनी मिल की जमीन पर अतिक्रमणकारी तकरीबन दस पक्का का मकान बनवा कर रह रहे हैं।

## महिलाओं का इंडि गठबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन, भाजपा के समर्थन में दिखाई एकजुटता

**सिवान।** गुरुवार को जिले छात्राओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास नहीं होने पर प्रदर्शन किया और अपनी नाराजगी व्यक्त की। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि विपक्ष की नीतियां जनहित और महिला सशक्तिकरण के अनुरूप नहीं हैं। विपक्ष विशेष कर कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी द्वारा महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर केवल राजनीतिक बयानबाजी की जाती है, जबकि जमीनी स्तर पर ठोस पहल का अभाव रहा है। महिलाओं ने भाजपा की नीतियों और योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि पार्टी ने महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। महिलाओं को संबोधित करते हुए श्रेयांशी कुमारी श्रीवास्तव ने कहा आज की महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति पूरी तरह जागरूक हैं और देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाना चाहती हैं। विपक्ष हमेशा महिलाओं के मुद्दों को नजरअंदाज किया है, जबकि भाजपा ने हमें सम्मान और आगे बढ़ने का अवसर दिया है। वहीं, प्रति कुमारी ने अपने संबोधन में कहा यह प्रदर्शन महिलाओं की एकजुटता का प्रतीक है। हम विकास, सुरक्षा और सम्मान के साथ खड़े हैं। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने यह संकल्प लिया कि वे समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगी और महिला सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद करती रहेंगी। मौके अंशु यादव, सेमी सिंह, नेहा कुमारी, प्रियंका कुमारी, आराध्या कुमारी, ममता कुमारी, रागिनी कुमारी, रोशनी सिंह, सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## रेल लाइनों के किनारे आगजनी की घटनाओं पर अंकुश लगने को लेकर किया जा रहा जागरूक

**सिवान।** रेल लाइनों के किनारे आगजनी की घटनाओं पर अंकुश लगने को लेकर रेलवे लोगों को जागरूक कर रही है। इस संबंध में वाराणसी मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि संरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की रोकथाम हेतु रेलवे प्रशासन सतत प्रयत्नशील है। रेल लाइनों के किनारे आगजनी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए व्यापक कदम उठाए गए हैं। इसके लिए बड़े पैमाने जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि यात्री अपनी यात्रा के गाड़ियों में विस्फोटक अथवा ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें, रेल लाइन के किनारे रहने वाले किसान अथवा अन्य व्यक्ति रेल लाइन के किनारे सूखी घास अथवा पराली न जलावे। इससे रेल ट्रैक पर आगजनी होने पर रेल संचालन बाधित हो सकता है। रेल प्रशासन की जन सामान्य से अपील है कि वे रेल यात्रा के दौरान विस्फोटक अथवा ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें। यात्रियों की जान खतरे में पड़ सकती है।

## डान बास्को में मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित

**सिवान।** डान बास्को हाई स्कूल के प्रांगण में गुरुवार समारोह का आयोजन कर विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस विशेष कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया, ताकि उनकी निरंतर प्रेरणा और सहयोग को उचित सम्मान दिया जा सके। समारोह में विद्यालय के छात्र मोहम्मद मोईउद्दीन को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, मोइउद्दीन ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डायरेक्टर डा. कोशी वैद्यन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनके अनुशासन की सराहना की। विद्यालय के चेयरमैन थॉमस कोशी ने मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता, निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है। प्रधानाचार्या डा. प्रियंका पायल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों की सफलता केवल उनकी मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे उनके अभिभावकों का त्याग और अटूट समर्थन भी है। ह कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय प्रशासन ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोगात्मक प्रयासों को जारी रखने पर बल दिया।

# सारण जिले के ड्यूमाइगढ से बलिया जनपद के गोपालनगर के बीच होगा सड़क पुल निर्माण

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल के अनुरोध के बाद केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सारण जिले के ड्यूमाइगढ से बलिया जनपद के गोपालनगर के बीच सड़क पुल निर्माण की कवायद शुरू कर दी है। सांसद द्वारा सड़क पुल निर्माण की मांग के बाद मंत्री ने विभाग को पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। अब विभाग ड्यूमाइगढ घाट पर सड़क पुल के निर्माण पर सर्वे का काम शुरू करेगा और यदि सबकुछ अनुकूल रहा तो जल्द ही यूपी बिहार को सड़क मार्ग से जोड़ने हेतु एक अतिरिक्त सडक पुल का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। बताते चलें कि वर्षों पूर्व कई अन्य प्रमुख अखबारों ने सबसे पहले दोनों प्रदेशों के सीमावर्ती गांवों के लोगों की आवाजाही में होने वाली परेशानी को देखते हुए ड्यूमाइगढ तथा गोपालनगर के बीच सडक पुल की लोगों की मांग से सम्बंधित खबर को प्रमुखता से छापा था। तथा



सड़क पुल निर्माण से आवागमन सुगम होने के साथ साथ सामाजिक व ब्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु सड़क पुल निर्माण को आवश्यक बताया था। बाद में मांझी के पूर्व जिला पार्षद धर्मेन्द्र सिंह समाज ने सांसद को एक ज्ञापन सौंपकर सड़क पुल बनाने तथा इससे पहले उक्त घाट पर पीपा पुल शुरू करने की मांग की थी। बताते चलें कि सांसद ने तत्काल पीपा पुल के निर्माण के लिए भी कुछ ही महीनों पहले यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। इसके अलावा बलिया के पूर्व सांसद बीरेन्द्र सिंह मस्त ने भी यूपी के सुरेमनपुर स्टेशन से सारण के एकमा स्टेशन तक नई रेल लाइन के निर्माण तथा ड्यूमाइगढ घाट पर रेल सह सड़क पुल निर्माण को आवश्यक बताते हुए लोकसभा में यह मुद्दा उठाया था। मालूम हो कि ड्यूमाइगढ घाट पर दोनों प्रदेशों से जुड़े लोग प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में नाव के सहारे सरयु नदी पार कर आते जाते हैं। ड्यूमाइगढ घाट तक बिहार की सड़क तथा नदी के उसपार गोपालनगर तक सड़क पहले से ही मौजूद है। बीच में लगभग दो किमी नदी में नाव अथवा बालू की रेत पर पैदल लोगों को आना जाना पड़ता है। उक्त घाट होकर यूपी से बड़े पैमाने पर बिहार में सब्जी व दूध आदि की आवक होती है। जबकि बिहार के बड़ी संख्या में किसान यूपी की सीमा में खेती करने व फसल लाने यूपी जाते हैं। ड्यूमाइगढ घाट पर सड़क पुल बन जाने से एक तरफ यूपी बिहार के लोगों को आवागमन में सहुलियत होगी वहीं दूसरी तरफ सारण के एकमा तथा यूपी के बैरिया स्थित रानीगंज बाजार का सीधा संपर्क स्थापित हो जाएगा। दोनों तरफ के उत्पादों की आवाजाही के साथ साथ नदी के इस पार तथा नदी के उसपार के लोगों के बीच दिलों के रिश्तों को जोड़ने में भी यह सेतु महती भूमिका निभाएगा।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सिवान।** शहर के मैरवा रोड स्थित संघमित्रा पब्लिक स्कूल में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर भाषण, कविता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा प्रथम से पंचम तक के बच्चों द्वारा संक्षिप्त भाषण एवं पृथ्वी के संरक्षण से संबंधित कविताएं तथा नृत्य प्रस्तुत की गई। नर्सरी एवं प्रथम से पंचम तक के बच्चों ने समूह गान एवं नृत्य के माध्यम से पृथ्वी दिवस की महत्ता को रेखांकित किया। कक्षा पंचम, सप्तम एवं अष्टम के विद्यार्थियों ने पुस्तक बनाकर पृथ्वी को दोबारा बचाने संबंधी निर्देशों पर बल दिया तथा कक्षा नौ से 12वीं तक के बच्चों ने पृथ्वी को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाने हेतु पोस्टर बनाए। विद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रकार के पौधारोपण कर पृथ्वी को हरित रखने का संकल्प दोहराया गया। इन सभी विविध कार्यक्रमों का संचालन विद्यालय के शिक्षकों द्वारा एवं प्राचार्या नवोनिता घोष के नेतृत्व में हुआ। प्राचार्या ने पृथ्वी संरक्षण के संदर्भ में विद्यार्थियों को सदैव अनुशासित रहकर पृथ्वी के संरक्षण में यथोचित योगदान करने और पृथ्वी को स्वस्थ और सशक्त बनाने के लिए प्रयत्नशील रहने को कहा।

## सड़क हादसे में घायल छात्र का इलाज के दौरान मौत

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ओरमा मोड़ के समीप 20 अप्रैल को स्कार्पियो व बाइक की टक्कर हुई थी। इसमें बीएससी नर्सिंग का छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी इलाज के दौरान गोरखपुर में गुरुवार की सुबह मौत हो गई। मृत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अमलोरी निवासी सुनील कुमार का पुत्र आयुष कुमार था। छात्र के शव को स्वजन सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां नगर थाने की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार तीन दिन पूर्व आयुष अपने घर से पूजा अर्चना करने के लिए बाइक से मंदिर जा रहा था। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार आ रही स्कार्पियो में टक्कर हो गई। घटना के बाद आरोपित स्कार्पियो चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। जबकि घायल छात्र वहीं गिर गया। उसके सिर में गंभीर चोटें आई थीं। इसके बाद स्वजन उसका इलाज गोरखपुर में करा रहे थे।

## दुष्कर्म कांड के फरार नामजद अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**बड़हरिया( सिवान)।** बड़हरिया थाना क्षेत्र में दर्ज दुष्कर्म कांड के फरार नामजद अभियुक्त को पुलिस ने गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर बड़हरिया थाना कांड संख्या 53/26 दिनांक 8 फरवरी 2026 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कांड में थाना क्षेत्र के नूरा हाता गांव निवासी जाहिद हुसैन उर्फ जाहिद सैफी के पुत्र अफजल सैफी उर्फ अब्दुल सैफी को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। घटना के बाद से अभियुक्त लगातार फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में गुरुवार को गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने अभियुक्त को उसके घर से विधिवत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस कार्रवाई में अपर थाना अध्यक्ष कुंदन कुमार तिवारी, पुलिस अवर निरीक्षक आभा कुमारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मी शामिल रहे।

## शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने जा रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

### 28 अप्रैल को होनी थी शादी, सदर अस्पताल लाने के क्रम में हुई मौत

**परवेज अख्तर/सिवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के नगवा गांव में दो बाइक की आमने सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए स्थानीय लोगों ने बसंतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल ले जाने क्रम में ही घायल युवक की मौत हो गई। मृत युवक की पहचान प्रखंड क्षेत्र क्षेत्र के बिठुना निवासी रामशंकर महतो के पुत्र गुड्डू कुमार के रूप में हुई है। गुड्डू अपनी शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने के लिए घर से निकला था। उसकी शादी 28 अप्रैल को होनी थी। घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार गुड्डू अपनी शादी का कार्ड को बांटने के लिए बाइक से बसंतपुर जा रहा था, तभी रास्ते में सामने से आ रही तेज रफ़्तार बाइक ने सामने से टक्कर हो गई। इसमें गुड्डू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसकी मौत हो गई। गुड्डू कुमार की मौत के सूचना के बाद से शादी की खुशी वाले घर में मातम पसर गया है। शादी की तैयारी में जुटे लोग मौत की सूचना पर नाम आंखों से अंतिम संस्कार करने के लिए गांव के श्मसान पहुंच गए। मृत युवक की शादी पांच दिन बाद 28 अप्रैल को तिलक समारोह होने वाला था, तथा एक मई को दूल्हा बनकर अपनी दुल्हनिया को लाने की तैयारी में जुटा था। मृत युवक तीन भाई में सबसे छोटा था। अपने पुत्र की मौत के बाद माता रामावती देवी और पिता रामशंकर महतो अपना सुध खो बैठे थे।

## दहेज हत्या मामले में पुलिस ने डुगडुगी बजा फरार आरोपितों के घर चिपकाया इश्तेहार

**सिवान।** असांव थानाध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में केस के अनुसंधान कर्ता सुधीर कुमार समेत अन्य पुलिस द्वारा इसांव थाना के अर्कपुर गांव निवासी मृतका एश्वर्या कुमारी के पति चंदन कुमार सिंह,ननद दिव्या कुमारी,दयादिन सपना देवी,भसुर रंजीत कुमार सिंह के घर डुगडुगी बजाकर गुरुवार की संध्या इश्तेहार चिपकाया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इसके बावजूद आरोपितों द्वारा कोर्ट या पुलिस के समक्ष सरेंडर नहीं किया जाता है,तो पुलिस उनके घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई करेगी। बता दें कि एश्वर्या कुमारी की शादी अर्कपुर गांव निवासी चंदन कुमार सिंह से हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के कुछ साल बाद ही उसके ससुराल वालों द्वारा दहेज की मांग को लेकर 24 सितबंर 2025 को मारपीट कर उसकी हत्या कर दी थी। इसे लेकर मृतका एश्वर्या के पिता द्वारा उसके पति,ननद, एवं भसुर के खिलाफ दहेज की मांग का आरोप लगाते हुए पीट-पीटकर उसकी हत्या करने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। उक्त सभी आरोपी फरार चल रहे हैं।

## शराब के साथ दो महिला तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** आरपीएफ व उत्पाद विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए शराब के साथ दो महिला तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार समस्तीपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र के पेठिया बांध निवासी रिंकी देवी व सनीचरी देवी है। जिसे पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि गुरुवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त छपरा के आदेशनुसार व मेरे निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट व उत्पाद विभाग के द्वारा गाड़ी संख्या 15028 गोरखपुर सम्बलपुर मौर्या एक्सप्रेस के कोच संख्या एस तीन में दारौंदा स्टेशन पर आपराधिक गतिविधि निगरानी के दौरान दो महिला शराब तस्करों को अपने-अपने पास रखे प्लास्टिक के झोले विदेशी शराब ले जाते समय गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 46 बोतल शराब बरामद हुआ। जिसकी कुल कीमत छह हजार तीन सौ 40 रुपए है। जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु उत्पाद विभाग को सुपुर्द किया गया। उक्त मामले की जांच सउनि सत्येंद्र राय के द्वारा की जा रही है। गिरफ्तार समस्तीपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र के पेठिया बांध निवासी रिंकी देवी व सनीचरी देवी है। जिसे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में कांस्टेबल नीरज पांडेय, रामजी यादव व उत्पाद विभाग के सउनि सत्येंद्र राय, महिला कांस्टेबल संजीता कुमारी आदि शामिल थीं।

## बाबू कुंवर सिंह की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

**महाराजगंज (सिवान)।** अंग्रेज़ी सिपाहियों से लोहा लेने वाले बाबू कुंवर सिंह की जयंती के उपलक्ष्य पर गुरुवार को अनुग्रह नारायण उमाशंकर सिंह महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया। भाजपा नेता जितेंद्र स्वामी सहित कई गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जितेंद्र स्वामी ने कहा कि जिस तरह देश आजाद कराने में कुंवर सिंह ने अंग्रेजी सिपाहियों से मुकाबला किया उन जैसे बलिदानियों की जरूरत देश को आज है। कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख इम्तियाज अहमद, प्रभारी प्राचार्य प्रो मनोज कुमार वर्मा,प्रो प्रमित सिंह,पुष्पा कुमारी,विकास कुमार सिंह,श्मभु प्रसाद, विरेन्द्र सिंह,संजय सिंह आदि ने अपने विचार रखे।
न में जुटी हुई है। पुलिस घायल के बयान के आधार पर छापेमारी कर रही है।

## शटर तोड़ किराना दुकान से चोरी

**रघुनाथपुर (सिवान)।** स्थानीय थाना क्षेत्र सुल्तानपुर मोड़ के समीप बुधवार की रात्रि में श्रीगंगा किराना दुकान में शटर का ताला तोड़ करीब तीन लाख मूल्य की चोरी कर लेने की मामला प्रकाश में आया । घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह दुकानदार सहित अन्य लोगों को हुई। व्यवसायी विनय कुमार ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी ।घटना स्थल पर पहुंच कर पुलिस चोरी के मामला में जांच में जुट गई। वहीं ग्रामीणों में इस घटना से काफी आक्रोश है। पीड़ित ने बताया कि यह तीसरी घटना है। पूर्व में दो बार फायरिंग एवं रंगदारी की घटना हो चुकी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बुधवार की रात्रि में एक बजे के करीब में अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर रखे सभी समान चोरी कर ली । गुरुवार की सुबह व्यवसायी जब अपनी दुकान खोलने के पहुंचे तो देखा कि शटर टूटा हुआ था। पीछा का दरवाजा भी टूटा हुआ था। लोहा के शटर तोड़ने के लिए जिस राड का प्रयोग किया गया था उसे वहीं छोड़ दिया गया था। पीड़ित द्वारा बताया गया कि 12 जनवरी 2024 में रंगदारी मांग की गई थी। जिस दौरान फायरिंग हुई थी। इसके बाद चोरी की घटना हुई थी। इसके पूर्व 13 फरवरी 2019 शादी समारोह में घर के सभी सदस्य सिवान गए थे, उस समय चोरी की घटना हुई थी। ए मामले में समाचार प्रेषण तक मामला दर्ज नही हुआ था। थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रविरंजन सिंह ने बताया कि पुलिस चोरी की घटना की जांच में जुटी हुई है।

## मारपीट मामले में हुई प्राथमिकी

सिवान। जीबी नगर थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में घर पर पहुंच कर महिलाओं से मारपीट करने के मामले में प्राथमिकी की कराई हुई है। प्राथमिकी में मनोज सिंह की पत्नी सुगंती देवी ने अपने आवेदन में धराजपुर गांव निवासी सहीम मिया, राजा मिया और इस्तेयाज मिया तथा चौकी हसन मोहम्मद अली टोला गांव के चांद मिया और सोनू मिया को नामजद करते हुए यह आरोप लगाई है कि जब हमारे घर से बरात गई थी और घर पर कोई नही था। तभी सभी लोग हमारे दरवाजे पर बाइक, कार और जेसीबी मशीन में लाठी डंडा एवं हथियार लेकर पहुंच गए तथा गाली गलौज करने लगे। जब हमलोगों ने गाली देने से मना की तो महिलाओं के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के क्रम में महिलाओं के सोने चांदी के गहने भी छीन लिए और लेकर चले गए। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी कर पुलिस जांच करने में जुटी हुई है।

## बदमाशों ने सुप्तावस्था में वृद्ध को मारी गोली, पीएमसीएच रेफर

**परवेज अख्तर/सिवान।** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के करसर गांव में बुधवार की मध्य रात्रि बथान में सोए 60 वर्षीय वृद्ध को बदमाशों ने पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। घायल की पहचान गांव निवासी धर्मनाथ साह 60 वर्षीय के रूप में हुई । वह जिला जदयू प्रकोष्ठ के अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार साह के पिता हैं। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्वजन के अनुसार बुधवार की रात धर्मनाथ साह घर से खाना खा कर सोने के लिए चले गए। मध्य रात्रि में एक बजे की करीब में चार से पांच अज्ञात बदमाशों द्वारा जान से मारने की नीयत से गोली चलाई गई। इस दौरान गोली उनके पैर में लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आस पास के लोगों द्वारा फायरिंग की आवाज सुन जब घटना स्थल का रुख किया गया तो पकड़े जाने के डर से बदमाश फरार हो गए। घायल को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रघुनाथपुर में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक द्वारा सिवान रेफर कर दिया गया। सिवान से गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। मामले में स्थानीय पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में पहुंच पीड़ित का बयान लेकर कर छापेमारी शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रवि रंजन सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पुलिस बदमाशों को पहचा ।

## भारत की आत्मा– गांव में बसती है

**नीरज कुमार /दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को पहचानने और मजबूत करने का अवसर है। यह दिन हमें यह समझने का मौका देता है कि लोकतंत्र की असली ताकत केवल संसद भवन या विधानसभाओं की दीवारों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह गाँव की चौपालों, कच्ची गलियों और आम जनमानस की भागीदारी में जीवित रहती है।भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संरचना का मूल आधार गाँव ही रहे हैं।



महात्मा गांधी ने भी 'ग्राम स्वराज' का सपना देखा था, जहाँ हर गाँव आत्मनिर्भर हो, निर्णय लेने में सक्षम हो और अपने विकास की दिशा खुद तय करे। पंचायती राज व्यवस्था उसी सोच का साकार रूप है, जो ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।पंचायतें केवल प्रशासनिक इकाई नहीं, बल्कि लोकतंत्र की पहली सीढ़ी हैं। यहाँ आम नागरिक को यह अधिकार मिलता है कि वह अपने क्षेत्र के विकास कार्यों में भागीदारी निभाए, योजनाओं पर निगरानी रखे और अपने प्रतिनिधियों से जवाबदेही सुनिश्चित करे। जब कोई ग्रामीण व्यक्ति खुलकर अपनी बात पंचायत में रखता है, तो वह लोकतंत्र को जीवंत बनाता है। आज के दौर में, जब विकास की गति तेज हो रही है, पंचायतों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। चाहे वह सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य या जल संरक्षण का मुद्दा हो – हर क्षेत्र में पंचायतों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। यदि पंचायतें मजबूत होंगी, तो देश की नींव और भी सुदृढ़ होगी।इसी संदर्भ में, आने वाले पंचायत चुनाव भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यह केवल प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपने भविष्य का निर्धारण करने का अवसर है। एक योग्य, ईमानदार और दूरदर्शी प्रत्याशी का चुनाव ही एक सभ्य और विकसित समाज की नींव रख सकता है।हमें यह समझना होगा कि वोट केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। जाति, धर्म या व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर यदि हम योग्य नेतृत्व का चयन करेंगे, तभी पंचायतें वास्तव में जनहित में कार्य कर पाएंगी। आइए, इस पंचायती राज दिवस पर हम सभी यह संकल्प लें किहम पंचायतों को मजबूत बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे,सरकारी योजनाओं का सही लाभ सुनिश्चित करेंगे,और सबसे महत्वपूर्ण, आने वाले चुनाव में एक योग्य और ईमानदार प्रतिनिधि का चुनाव करेंगे।जब गाँव जागेगा, तभी देश आगे बढ़ेगा।और जब पंचायतें सशक्त होंगी, तभी लोकतंत्र सशक्त होगा।

## संविधान को मिटाना चाहती है भाजपा डॉक्टर सत्येंद्र यादव

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** **आरएसएस** की गोद में खेल रही भारतीय जनता पार्टी संविधान को मिटाना चाहती है। बाबा साहेब ने जिस संविधान का निर्माण किया है इसका उद्देश्य समाज में ऊंच-नीच तथा जाति भेद को मिटाकर समाज को एक सूत्र में पिरोकर समरसता लाना है। उक्त बातें मांझी विधानसभा के पूर्व विधायक सह माकपा नेता डॉक्टर सत्येंद्र यादव ने इसुआपुर के मुड़वां बाजार पर गुरुवार को आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने ब्राह्मणवाद से खतरनाक पूंजीवाद को बताया। साथ ही दलितों को आगाह करते हुए कहा कि वे ब्राह्मणवाद एवं पूंजीवाद इन दोनों से दूरी बना कर रहें। वहीं वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन चरित और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज वैसे भी लोग अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए बाबा साहेब की जयंती मना रहे हैं, जो संविधान को जलाने की बात करते हैं । गंगासागर राम की अध्यक्षता तथा कवि सुनेश्वर प्रसाद निर्भय के संचालन में जयंती समारोह को कामरेड नेता अहमद अली, पूर्व जिला पार्षद गीता सागर राम, कांग्रेस नेता संजय कुमार सिंह, राजद के प्रखंड अध्यक्ष हाजी अमजद खान, जिला महासचिव मुखिया अजय राय, राजेंद्र प्रसाद यादव, जितेंद्र साह, खुर्शीद अंसारी उर्फ गुड्डु,टुनटुन हाशमी, मनोज प्रभाकर,बिश्वजीत चौहान व अन्य ने किया।

## समस्तीपुर में 400 बोतल विदेशी शराब जब्त मननपुर चौर में मिला बालू भड़ा 8 ड्राम, तस्कर फरार

**समस्तीपुर,एजेंसी।** समस्तीपुर के हथौड़ी थाना क्षेत्र के मननपुर चौर में उत्पाद विभाग की टीम को कामयाबी मिली है। टीम में झाड़ी में छिपा कर रखे गए। बालू भरे आठ ड्रम से 400 बोतल विदेशी शराब बरामद की है। हालांकि इस दौरान कारोबारी मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस को यह कामयाबी गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में मिली।



पल्लवी कुमारी के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कीः उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि उत्पाद पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मननपुर चौर में बड़े पैमाने पर शराब का कारोबार हो रहा है। सूचना पर उत्पाद विभाग की दारोगा पल्लवी कुमारी के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी की । इस दौरान भारत में कुछ पैसा पदार्थ दिखाई नहीं दिया। इसी दौरान झाड़ी में रखा गया लोहे का 8 ड्रम दिखा। इसके बाद पुलिस की टीम की ओर से उपक्रम को खोला गया, तो अंदर बालू भरा हुआ था, लेकिन बालू का ऊपरी सतह हटाने के बाद अंदर शराब की बोतल बरामद की गई। बरामद शराब की कीमत करीब पांच लाख रुपए बताया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद शराब को जप्त कर उत्पादित खाने लाया गया है और इस मामले में प्राथमिक की दर्ज की गई है। जांच में पाया गया है कि राकेश यादव नाम का व्यक्ति जो बाघी का रहने वाला है। कोई इलाके में शराब का कारोबार कर रहा था, उसने ही शराब की खेप यहां पर मंगवाई थी। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए स्थानीय थाने की भी मदद ली जा रही है।

